दिन– मंगलवार                                                   दिनांक– 02 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                   अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार अठारहवीं बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। आज होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधान मंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को करेंगे संबोधित।

03. केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए।

04. और, बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से बीसवां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु। थाईलैंड, म्यांमार, नेपाल समेत सत्ताईस देशों के श्रद्धालु हो रहे हैं शामिल।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार अठारहवीं बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। आज उनके निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जायेगी। उन्होंने कल विधानसभा सचिवालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विपक्ष की ओर से किसी भी सदस्य ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र नहीं भरा है, जिस कारण उनका इस पद पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। लगातार नौवीं बार विधायक बने प्रेम कुमार ने कहा कि सदन में पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता होगी।

–––बाइट–––

---

अठारहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र का आज दूसरा दिन है। अध्यक्ष पद पर चुनाव संपन्न होने के बाद पक्ष और विपक्ष के नेता नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अध्यक्ष के आसन तक ले जायेंगे और उनका स्वागत किया जाएगा। कल राज्यपाल दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। और ब्यौरे के साथ हैं हमारी संवाददाता––

–––रिपोर्ट–––

पांच दिवसीय इस सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्म खां दोनों सदनों– विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे। इसी दिन राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। साथ ही दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

पर चर्चा होगी और सरकार का उत्तर भी होगा। सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को दोनों सदनों में दूसरे अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद और मतदान होगा। इसी दिन विनियोग विधेयक पेश होंगे। इस सत्र में सदस्यों से कोई भी सवाल नहीं लिए जायेंगे। सिर्फ पहले से तय कार्य ही संपादित होंगे। समाचार कक्ष से मैं डॉ. सविता पारीक।

---

बिहार विधान परिषद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करेंगे। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र से पूर्व आयोजित बैठक में यह जानकारी दी।

---

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा है कि अटल पेंशन योजना से आठ करोड़ चौंतीस लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इनमें अड़तालीस प्रतिशत महिलाएं हैं। मई दो हजार पंद्रह में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य विशेषकर असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह योजना अठारह से चालीस वर्ष के उन नागरिकों के लिए है जिनका बैंक या डाकघर में बचत खाता है। लाभार्थी, साठ वर्ष की उम्र के बाद पेंशन लाभ प्राप्त कर सकता हैं। वर्ष दो हजार पैंतीस से ये लाभ मिलने की संभावना है।

---

केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

पेंशन और पेंशनधारक कल्याण विभाग ने डीएलसी कैंपेन के चौथे चरण के तहत एक करोड़ चौवन लाख से ज्यादा डिजिटल लाइफ़ सर्टिफ़िकेट बनाए हैं। यह पहल, विशेष रूप से सुपर सीनियर पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ़ सर्टिफ़िकेट जमा करने को आसान बनाने के लिए शुरू की गई थी।

---

राज्य में जल्द ही ग्रीन फिल्म सिटी की स्थापना की जाएगी। प्रस्तावित बिहार फिल्म सिटी निर्माण के लिए पटना में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि ग्रीन फिल्म सिटी के निर्माण के लिए पर्यावरण सम्मत अवसंरचना और सतत् विकास को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने संबंधित विभाग को इस दिशा में विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री अमृत ने कहा कि राज्य सरकार बिहार में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रही है। बैठक में फिल्म निर्माता टुटू शर्मा, अभिनेत्री नीतू चंद्रा सहित कई कलाकार शामिल थे।

---

रेलवे ने मुंगेर के श्रीकृष्ण सेतु के समानांतर एक नये पुल के निर्माण को मंजूरी दी है। मुंगेर–जमालपुर के बीच दूसरी रेललाइन बिछाने और बाईपास निर्माण का कार्य वर्ष दो हजार तीस तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वेद प्रकाश ने बताया कि जमालपुर–मुंगेर–खगड़िया डबल लाइन के निर्माण और गंगा नदी पर नये पुल के निर्माण में लगभग एक हजार आठ सौ नब्बे करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

---

तेल कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में दस रुपये की कमी की है। नई दर एक दिसम्बर से लागू हो गयी है। अब पटना में उन्नीस किलोग्राम के व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार आठ सौ तैंतालीस रुपये हो गयी है। गौरतलब है कि इससे पहले एक नवम्बर को व्यावसायिक गैर सिलेंडर की कीमतों में छह रुपये की कमी की गई थी।

---

बोधगया में आज से बीसवां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु हो गया है। भारत में पहली बार इस समारोह का आयोजन हो रहा है। यह समारोह बारह दिसम्बर तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पूरा वातावरण बुद्धम शरणम गच्छामी के मंत्र से गुंजायमान है। एक रिपोर्ट ––

–––रिपोर्ट–––

विश्व शांति, करुणा और सद्भाव के संदेश के साथ महाबोधि मंदिर परिसर और कालचक्र मैदान में संयुक्त पाठ का आयोजन किया जा रहा है। पूरे परिसर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया है । महाबोधि मंदिर परिसर में पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे संयुक्त पाठ के लिए दुनिया भर से श्रृद्धालु जुटे हैं। वैश्विक धार्मिक समागम में थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, नेपाल समेत 27 देशों से बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी प्रबंध किये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

---

मुख्यमंत्री भारत दर्शन योजना के तहत प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे अब देश के महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में पटना में हुयी विभागीय बैठक में इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। योजना के तहत अब बच्चों को आगरा, दिल्ली, हैदराबाद जैसे ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त गोवा के समुद्र तट, केरल, दार्जिलिंग, ऋषिकेश, जयपुर, वाराणसी और कोलकाता जैसे अन्य धार्मिक और अध्यात्मिक स्थल भी सूची में शामिल किये जायेंगे। गौरतलब है कि अब तक सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को राज्य के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाता था।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारह दिसम्बर को भारतीय भाषा उत्सव मनाया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने सभी राज्यों को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती ग्यारह दिसम्बर को विद्यालयों में भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिये हैं। इसके तहत चार से ग्यारह दिसम्बर तक भाषाई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इस संबंध में बिहार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक मयंक वरवड़े ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

---

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि बिहार में जल्द ही वाटर स्पोर्टस एकेडमी खोली जाएगी। विधान परिषद के सभागार में आयोजित समारोह में सुश्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के वाटर स्पार्टस खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर खेल मंत्री ने राष्ट्रीय सीनियर ड्रैगन बोट चैंपियशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के नादेड़ में संपन्न बारहवीं राष्ट्रीय सीनियर ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में बिहार ने सात स्वर्ण समेत कुल दस पदक जीते हैं।

---

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बिहार के छपरा निवासी हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय हॉकी को उनका समर्थन जारी रहेगा। गौरतलब है कि हरेंद्र सिंह ने पिछले

वर्ष जेनेके शोपमैन के स्थान पर कोच का कार्यभार संभाला था। उन्होंने दो हजार सोलह में जूनियर पुरुष टीम को विश्व कप खिताब जिताया। उनके कार्यकाल में भारत ने दो हजार चौबीस में एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी जीती। वे अमरीकी हॉकी पुरुष टीम के भी कोच रहे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा कि जल्द ही नए कोच की घोषणा की जाएगी।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ने से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज किये जाने की संभावना है। वहीं, अगले दो दिन के दौरान कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रह सकता है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान ग्यारह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम के तहत कल मशहूर गायिका मेनुका पोडेल समेत विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

अररिया जिले में आज से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी अनिल कुमार इसका शुभारंभ करेंगे।

पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत काईरपट्टी के पास गंडक नदी में नाव पलट जाने से दो युवतियां डूब गयी हैं। नाव में कुल बीस लोग सवार थे। इनमें से अठारह तैर कर बाहर आ गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि एसडीआरएफ की मदद से घटनास्थल पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – शहरी सड़कों की सात साल तक एजेंसी मरम्मत करेगी। पथ निर्माण विभाग उन्नीस हजार किलोमीटर पथ दुरस्त कराएगा। **दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – संसद में ड्रामा नहीं डिलीवरी होनी चाहिए। **दैनिक भास्कर** ने एसआईआर से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – एसआईआर शब्द के जिक्र के बगैर सदन में चर्चा करा सकती है केंद्र सरकार। **प्रभात खबर** ने इसी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है – एसआईआर का खौफ : हकीमपुर बॉडर पर देशभर से जमा हो रहे बांग्लादेशी धुसपैठिये। अखबार लिखता है – छोट–छोट जत्थे में भाग रहे अपने देश। **आज अखबार** ने लिखा है – लोकसभा में इस हफ्ते वंदे मातरम् पर होगी चर्चा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार अठारहवीं बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष होंगे। आज होगी निर्वाचन की औपचारिक घोषणा।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां कल विधान मंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को करेंगे संबोधित।

03. केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए।

04. और, बोधगया के कालचक्र मैदान में आज से बीसवां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पाठ समारोह शुरु। थाईलैंड, म्यांमार, नेपाल समेत सत्ताईस देशों के श्रद्धालु हो रहे हैं शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।